सं. ई-14018/1/2020/हिन्दी/डीजीएचएस/....1403-1468

भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय
(हिंदी अनुभाग)

निर्माण भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 05/09/2022

परिपत्र

विषय: स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में दिनांक 14 से 29 सितंबर, 2022 तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन।

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से महानिदेशालय में दिनांक 14 से 29 सितंबर, 2022 तक 'हिन्दी पखवाड़ा' का आयोजन किया जा रहा है जिसके दौरान महानिदेशालय के नियमित अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए आयोजित की जाने वाली हिन्दी प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम/विवरण इस प्रकार है:-

क्रम.सं.	प्रतियोगिता का नाम	तारीख एवं समय
1.	हिन्दी निबंध प्रतियोगिता *(राजपत्रित अधिकारियों के लिए)*	14.09.2022 (बुधवार) पूर्वाह्न 10:30 से 12:00 बजे तक
2.	हिन्दी निबंध प्रतियोगिता *(अराजपत्रित कार्मियों के लिए)*	
3.	हिन्दी टिप्पण और प्रारूपण प्रतियोगिता *(सभी के लिए)*	15.09.2022 (गुरूवार) पूर्वाह्न 10:30 से 12:00 बजे तक
4.	सामान्य हिन्दी/सामान्य ज्ञान एवं श्रुतलेखन प्रतियोगिता *(केवल एसटीएस के लिए)*	16.09.2022 (शुक्रवार) पूर्वाह्न 10:30 से 12:00 बजे तक
5.	अनुवाद प्रतियोगिता *(सभी के लिए)*	19.09.2022 (सोमवार) पूर्वाह्न 10:30 से 12:00 बजे तक
6.	हिंदी एवं सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता *(सभी के लिए)*	20.09.2022 (मंगलवार) पूर्वाह्न 10:30 से 12:00 बजे तक
7.	हिंदी आशुभाषण प्रतियोगिता *(सभी के लिए)*	21.09.2022 (बुधवार) पूर्वाह्न 10:30 से 12:00 बजे तक

2. उपर्युक्त प्रतियोगिताएं रिसोर्स सेंटर, कमरा नं. 445-ए, निर्माण भवन में आयोजित होंगी। प्रत्येक प्रतियोगिता में एक प्रथम (5000/- रुपए), एक द्वितीय (4000/- रुपए), एक तृतीय (3000/- रुपए) पुरस्कार के साथ दो प्रोत्साहन पुरस्कार (प्रत्येक 1500/- रुपए) दिए जाएंगे। चूंकि, ये प्रतियोगिताएं राजभाषा हिन्दी को सरकारी कामकाज में बढ़ावा देने के लिए प्रेरणा एवं प्रोत्साहन स्वरूप आयोजित की जाती है, अतः किसी एक विजेता अधिकारी/कर्मचारी को उनके सर्वश्रेष्ठ 02 से अधिक नकद पुरस्कार प्रदान नहीं किए जाएंगे।

3. उपर्युक्त प्रतियोगिताओं की कतिपय शर्तें निम्नवत् हैं:

(i) प्रत्येक प्रतियोगिता हेतु न्यूनतम 10 प्रतिभागियों के न होने पर उक्त प्रतियोगिता हेतु पुरस्कार की संख्या यथानुपात कम कर दी जाएगी। हिन्दीत्तर भाषा-भाषी प्रतिभागियों को 20 प्रतिशत अतिरिक्त अंकभार दिया जाएगा।

(ii) परिणाम के संबंध में प्रश्नपत्र निर्माताओं/जांचकर्ताओं का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

(iii) उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए महानिदेशालय के हिन्दी अनुभाग में तैनात अधिकारी/कर्मचारी पात्र नहीं होंगे।

(iv) प्रतियोगिताओं के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल वर्जित होगा।

(v) प्रतियोगिता शुरू होने के 15 मिनट बाद आने वाले प्रतिभागी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

(vi) अपरिहार्य कारणों से प्रतियोगिता के समय में बदलाव होने पर प्रतिभागियों को यथासमय सूचित कर दिया जाएगा।

4. महानिदेशालय के सभी इच्छुक नियमित अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि इन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लें और संलग्न प्रपत्र में अपना नामांकन <u>दिनांक 13.09.2022 तक</u> हिन्दी अनुभाग को अवश्य भिजवा दें।

इसे सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से जारी किया जाता है।

<u>संलग्नक: नामांकन प्रपत्र।</u>

(लक्ष्मी गर्ग)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

सेवा में,

1. स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के सभी अधिकारीगण।
2. स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के सभी अनुभागों/प्रकोष्ठों को इस अनुरोध के साथ कि अपने अधीन सभी कर्मचारियों को सूचित करें और उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु:

(i) स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक के प्रधान स्टाफ अधिकारी को इस अनुरोध के साथ कि पखवाड़े के दौरान आयोजित की जानेवाली प्रतियोगिताओं के लिए उपर्युक्त तारीख को पूर्वाह्न 10.30 से मध्याह्न 12.30 बजे तक रिसोर्स सेंटर, कमरा संख्या 445-ए, निर्माण भवन की बुकिंग हिन्दी अनुभाग के नाम पर करने की कृपा करें।

(ii) सामान्य अनुभाग को इस अनुरोध के साथ कि उपर्युक्त प्रतियोगिताओं के दिन/पुरस्कार वितरण समारोह में प्रतिभागियों के लिए जलपान की व्यवस्था करें। प्रतिभागियों की संख्या प्रतियोगिता से एक दिन पूर्व सूचित कर दी जाएगी।

(iii) प्रभारी, आईटी प्रकोष्ठ को इस अनुरोध के साथ कि कृपया इस परिपत्र को महानिदेशालय की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करा दें।

(iv) नोटिस बोर्ड।

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय
(हिन्दी अनुभाग)

हिन्दी पखवाड़ा, 2022 (दिनांक 14 से 29 सितम्बर, 2022) के दौरान प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए नामांकन प्रपत्र

1. नाम : ....
2. पदनाम : ....
3. अनुभाग/तैनाती का स्थान : ....
4. मोबाइल नं. (अनिवार्य) : ....
5. कमरा सं. : ....
6. कार्यालय/अनुभाग दूरभाष सं. : ....
7. हिन्दी प्रतियोगिताओं का नाम जिनमें भाग लेना चाहते हैं:

(i) ....

(ii) ....

(iii) ....

(iv) ....

(उपर्युक्त सूचना 13 सितम्बर, 2022 तक हिन्दी अनुभाग को अवश्य भेज दें।)

....
(आवेदक का हस्ताक्षर)

दिनांक:

....
प्रभारी अधिकारी/अनुभाग अधिकारी के हस्ताक्षर